Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to set up cow sanctuaries.

श्री प्रहलाद सिंह पटेल (दमोह): देश में जब से खेती में बैलों का उपयोग कम हुआ है तभी से लगातार बछड़े सड़कों पर आ रहे हैं। वह आवारा तरीके से घूमते हैं और इसलिए राज्य सरकारें इसके लिए जवाबदेह है। मैं केंद्र सरकार से माँग करता हूं कि यह समस्या राष्ट्रव्यापी है और इसलिए तत्काल गौ अभयारण्य का प्रबंधन करना चाहिए। इससे दो काम होंगे- एक तो बछड़े कसाइयों के पास नहीं जाएंगे, और दूसरा उनका गोमूत्र और गोबर हमारे खेती को जैविक खाद देने में मदद करेगा। इसलिए मैं यह माँग करता हूं कि इस योजना को राष्ट्रव्यापी योजना बनाकर काम करना चाहिए।